(1)

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर

## हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2008–09

## मॉडल प्रश्न पत्र (Model Question Paper)

| | | | |
|---|---|---|---|
| कक्षाः– | 10 वीं | **Class** | **10th** |
| विषयः– | सामान्य हिन्दी | **Subject:-** | **General Hindi** |
| समयः– | 3 घण्टे | **Time:-** | **3 Hours** |
| पूर्णांकः– | 100 | **Maximum Marks :-** | **100** |

---

निर्देशः–

1. सभी प्रश्न हल कीजिये ।
2. प्रत्येक प्रश्न क सामने निर्धारित अंक दिये गये है ।

प्रश्न 1– भाषा के तिन खंड कौन–कौन से हैं ? (2)

प्रश्न 2– संयुक्ताक्षर किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए । (2)

प्रश्न 3– ऐैतिहासिक, ऐैनक शब्दों को शुद्ध करके लिखिए । (2)

प्रश्न 4– रूढ़ शब्द किसे कहते है ? उदाहरण सहित समझाइए (2)

प्रश्न 5– अति और अधि उपसर्ग लगाकर दो–दो शब्द बनाइए । (2)

प्रश्न 6– समास विग्रह करके प्रकार बताइए । (2)
1. त्रिफला 2. दिन–रात

प्रश्न 7– निम्न शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (2)
1. चन्द्रमा 2. कमल

प्रश्न 8– निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए । (2)
1. विद्वान 2. सेवक

प्रश्न 9– निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्स में प्रयोग कीजिए । (3)
1. आ बैल मुझे मार
2. गागर में सागर भरना
3. ऑखे खुलना

प्रश्न 10— हमें अपनों से छोटों की उपेक्षा क्यों नहीं करना चाहिए ? (4)

प्रश्न 11— सच्चे नौकर से दुर्गानाथ का क्या अभिप्राय है ? (4)

प्रश्न 12— प्रभु के चरणों में कवियित्री क्या अर्पित करना चाहती है ? (5)

प्रश्न 13— लेखिका महादेवी घीसा के संस्मरण के द्वारा किस समाजिक बुराई की ओर ईशारा कर रहीं है ? संक्षेप में लिखिए । (5)

प्रश्न 14— ''लड़कियों का शिक्षित होना अच्छी बात है ।'' इस कथन के समर्थन में पांच बिन्दु लिखिए । (5)

प्रश्न 15— छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुन्दरता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । (5)

प्रश्न 16— निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए — (5)

निन्दा का उद्‌गम ही हीनता और कमजोरी से होता है । मनुष्य अपनी हीनता से दबता है । वह दूसरों की निंदा करके ऐसा अनुभव करता है कि वे सब निकृष्ट है और वह उनसे अच्छा है । उसके अहं को इससे तृष्टि होती है ।

अथवा

मानव आदिम युग से ही धुमन्तु स्वभाव का रहा है, स्वच्छ विचरण करना उसकी आदिम प्रवृत्ति रही है । आदिम युग में मानव अपने उदर पोषण, क्षुधा की शांति के लिए, आखेट के लिए चप्पे—चप्पे का भ्रमण करता था, वही मानव आज जिज्ञासा वश अपनी ज्ञान पिपासा की शांति, प्रकृति प्रेम स्वास्थ्य लाभ, एवं मानसिक शांति की खोज में अरण्य—अरण्य गुफाओं—कंदराओं, नदी—घाटी एवं पर्वत श्रेणीयों में भ्रमण कर रहा है ।

प्रश्न 17— निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए । (5)

कदली सीप भुजंग मुख, स्वाति एक गुन तीन ।
पानी गए न ऊबरै, मोती मानुस चून ।।

अथवा

देव! तुम्हारे कई उपासक,
कई ढंग से आते है ।
सेवा में बहुमूल्य भेंट वे,
कई रंग की लाते है ।।

प्रश्न 18– निम्नलिखित में से किसी एक कवि या लेखक का साहित्यिक परिचय दीजिए । (6)

प्रश्न 19– आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार मन के वेग का संबंध लोभ या प्रेम से कैसे है ? (6)

प्रश्न 20– पूरे देश की दृष्टि नवयुवकों पर क्यों लगी है ? (6)

अथवा

लोग निंदक क्यों बन जाते है ? निंदा की प्रवृत्ति से बचने का लेखक ने क्या उपाया बताये हैं ?

प्रश्न 21– खेल सामाग्री उपलब्ध कराने हेतु अपने प्राचार्य महोदय को एक प्रार्थना पत्र लिखिए । (7)

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी की सूचना हेतु पिताजी को पत्र लिखिए ?

प्रश्न 22– नीचे लिखे अपठित गद्यांश को पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

कई लोग समझते है कि अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है । किन्तु वास्तव में यह भ्रम है । अनुशासन द्वारा स्वतंत्रता नहीं छिन जाती है, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है । सड़क पर चलने के लिए हम स्वतंत्र हैं । हमें बाई तरफ से चलना चाहिए किन्तु हम चाहें तो बीच में भी चल सकते हैं । इससे हम अपने प्राण संकट में डालते हैं, और दूसरों की स्वतंत्रता भी छीनते है । विद्यार्थी भारत के भावी राष्ट्र निर्माता है । उन्हें अनुशासन का अभ्यास अभी से कराना चाहिए, जिससे वे भारत के सच्चे सपूत कहला सकें ।

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ? (2)
(2) हमें सड़क पर किस तरफ से चलना चाहिए ? (2)
(3) भारत के भावी राष्ट्र–निर्माता कौन है ? (2)

(4) सिद्ध कीजिए अनुशासन और स्वतंत्रता एक दूसरे के पूरक है । (2)

प्रश्न 23– किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए– (10)

1. विज्ञान एवं मानव
2. छत्तीसगढ़ अंचल के ऐतिहासिक स्थल
3. भारतीय नारी
4. भारत की राष्ट्रीय एकता ।

--------X--------